# गुरु पूर्णिमा पर आज उमड़ेगी श्रद्धालुओं की आस्था

## विश्व प्रसिद्ध दादाजी धाम में लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत की पूरी तैयारी, पुलिस और प्रशासन भी अलर्ट पर




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** दादाजी की नगरी खंडवा आज गुरु पूर्णिमा महापर्व पर आस्था के महासंगम की साक्षी बनेगी। देश के विभिन्न राज्यों और मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों से लाखों श्रद्धालु दादाजी धूनीवाले धाम पहुंचकर दर्शन, पूजन और धूनी माई में आहुति अर्पित करेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन, आरती और सेवाओं के लिए विशेष व्यवस्था लागू की है, वहीं पूरे शहर में सेवा और भंडारों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। गुरु पूर्णिमा पर तीन दिनों तक चलने वाले मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर पैदल यात्रा करते हुए खंडवा पहुंचते हैं। खंडवा, जिले के ग्रामीण क्षेत्रों, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु दादाजी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यह देश का अनूठा धार्मिक आयोजन माना जाता है, जहां पूरे शहर के सेवाभावी नागरिक श्रद्धालुओं की सेवा में जुट जाते हैं। जिलेभर में 200 से अधिक भंडारों के माध्यम से श्रद्धालुओं को चाय, दूध, कॉफी, पोहा, समोसा, भजिए, जलेबी, इमरती, पूड़ी-सब्जी, दाल-बाफला-चूरमा सहित अनेक प्रकार की प्रसादी नि:शुल्क वितरित की जा रही है। श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यापक व्यवस्था की गई है।मंदिर ट्रस्ट के अनुसार आज मंगल आरती प्रात: 5 से 5.30 बजे, बड़ी आरती सुबह 8 से 9.15 बजे, सायंकालीन आरती शाम 5 से 5.30 बजे, सत्यनारायण कथा की प्रथम आरती शाम 6.30 बजे, द्वितीय आरती शाम 7.30 बजे तथा विशेष बड़ी आरती रात्रि 8 से 9 बजे होगी।

आरती के दौरान बड़े मंदिर में दर्शन अस्थायी रूप से बंद रहेंगे और आरती समाप्त होते ही दर्शन पुन: प्रारंभ कर दिए जाएंगे।मंदिर प्रबंधन ने बताया कि स्नान-श्रृंगार, अभिषेक एवं अन्य सेवाओं के निर्धारित समय में श्रद्धालुओं का मंदिर के भीतर प्रवेश नहीं रहेगा। इस दौरान बाहर से ही समाधि दर्शन की व्यवस्था रहेगी तथा सेवाधारी श्रद्धालुओं की पूजन सामग्री स्वीकार कर विधिवत अर्पित करेंगे। धूनी माई में अग्नि अधिक प्रज्वलित होने की स्थिति में सुरक्षा कारणों से प्रवेश नियंत्रित किया जा सकता है।दादाजी महाराज के आशीर्वाद से दादाजी धाम में भव्य मंदिर निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। निर्माण कार्य के बावजूद श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए ट्रस्ट मंडल, संतों, पुजारियों और सेवा समितियों ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं।

दादाजी धाम ट्रस्ट मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सारणी का पालन करें, प्रशासन और सेवाधारियों के निर्देशों का सहयोग करें तथा श्रद्धा, अनुशासन और सेवा भाव के साथ गुरु पूर्णिमा महापर्व को सफल बनाएं।

# छह पवित्र कुंडों और गुरुगादी से निकली निशान यात्रा

## दादाजी धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने चढ़ाए निशान



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा महापर्व पर दादाजी की नगरी खंडवा सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर रही। शहर के छह पवित्र कुंडों और ब्रह्मगिर महाराज गुरुगादी से निकली भव्य निशान यात्राओं का पुरानी अनाज मंडी में संगम हुआ। यहां संतों के सान्निध्य में धर्मसभा आयोजित की गई, जिसके बाद हजारों श्रद्धालु जयघोष और भजन-कीर्तन के बीच दादाजी धूनीवाले धाम पहुंचे तथा श्रद्धापूर्वक निशान अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे के नेतृत्व में दादाजी श्रद्धा संगम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। इस वर्ष ब्रह्मगिर महाराज गुरुगादी, कावेश्वर कुंड, भीमकुंड, रामेश्वर कुंड, पदम कुंड और सूरजकुंड से अलग-अलग निशान यात्राएं निकाली गईं। सभी यात्राएं शाम को पुरानी अनाज मंडी पहुंचीं, जहां संतों के मार्गदर्शन में धर्मसभा संपन्न हुई। विधायक कंचन मुकेश तनवे ब्रह्मगिर महाराज गुरुगादी से पैदल यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा अमलपुरा, भावसिंहपुरा चौराहा, रूधी, जूनापानी, केंद्रीय विद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा, इंदिरा चौक, बॉम्बे बाजार, नगर निगम चौराहा और देवनारायण चौक होते पुरानी अनाज मंडी पहुंची।

धर्मसभा के बाद विधायक कंचन तनवे अपने परिवार एवं हजारों श्रद्धालुओं के साथ दादाजी धाम पहुंचीं। यहां उन्होंने दादाजी की समाधि पर निशान अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा धूनी माई में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक कंचन तनवे ने कहा कि दादाजी धूनीवाले का आशीर्वाद पूरे क्षेत्र पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का वर्षों पुराना सपना जल्द पूरा होगा और दादाजी धाम में शीघ्र ही भव्य मंदिर का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि निशान यात्रा केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक प्रेरणा का माध्यम भी है। साथ ही प्राचीन कुंडों से यात्राएं निकालने का उद्देश्य इन ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों के संरक्षण का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि रामेश्वर कुंड और पदम कुंड के विकास के लिए कार्य जारी हैं। धर्मसभा में यात्रा संयोजक लोकेन्द्र सिंह गौड़ ने निशान यात्राओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि संचालन यशदीप चौरे ने किया।

यात्रा का स्वागत मंत्री विजय शाह, विधायक नारायण पटेल, आशीष चटकेले सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने किया।श्रद्धा संगम निशान यात्रा में विभिन्न कुंडों से जुड़े प्रमुख कार्यकर्ताओं एवं हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। अंत में सभी छह निशान यात्राओं का सामूहिक रूप से दादाजी धाम पहुंचकर श्रद्धा और भक्ति के साथ निशान अर्पित किए गए। इस दौरान सुभाष कोठारी, हरीश कोटवाले, धर्मेंद्र बजाज, आशीष चटकेले, संदेश गुप्ता, चंद्रेश पचौरी, राजा शर्मा, ममता बोरसे, शारदा तांदले, प्रमिला शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सावन में बाबा ओंकारेश्वर की भव्य सवारी का उल्लास

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर....** श्रावण मास में भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर की पारंपरिक सवारी इस वर्ष भी पूरे धार्मिक वैभव और गरिमा के साथ निकलेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, नौका संचालन और कानून-व्यवस्था को लेकर गुरुवार को मंदिर प्रशासन, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रावण मास की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। ओंकार प्रसादालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर अरविंद चौहान ने की। बैठक में मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी राव पुष्पेंद्र सिंह, एसडीओपी मनोहर सिंह गवली, मांधाता थाना प्रभारी अनोक सिंह सिंदिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नगर के प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान की पारंपरिक सवारी के दौरान मां नर्मदा में विशेष पूजन-अभिषेक के पश्चात होने वाले नौका विहार के समय केवल ज्योतिर्लिंग मंदिर की अधिकृत नौकाओं को ही संचालन की अनुमति होगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस दौरान अन्य सभी नौकाओं का संचालन अस्थायी रूप से प्रतिबंधित रहेगा।धार्मिक आयोजन की गरिमा बनाए रखने के लिए सवारी के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शोभायात्रा में केवल ढोल-नगाड़े, शंख, पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि के बीच भगवान की सवारी नगर भ्रमण करेगी।

इस वर्ष सावन के चारों सोमवार-3, 10, 17 एवं 24 अगस्त को भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर की पारंपरिक सवारी निकाली जाएगी। इनमें 24 अगस्त को निकलने वाली भव्य महा सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। महा सवारी में ऊँट, घोड़े, सुसज्जित पालकियां, आकर्षक धार्मिक झांकियां, ढोल-नगाड़े, पारंपरिक धार्मिक प्रस्तुतियां तथा संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति श्रद्धालुओं के लिए आस्था का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करेगी।

# गुरु पूर्णिमा पर खंडवा सहित छह तहसीलों में आज अवकाश

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार 29 जुलाई को जिले की छह तहसीलों में स्थानीय अवकाश रहेगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार खंडवा, छैगांवमाखन, पुनासा, मूंदी, हरसूद और किल्लौद तहसील क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2026 के लिए अन्य स्थानीय अवकाश भी निर्धारित किए गए हैं। 17 अगस्त को नागपंचमी पर केवल पंधाना तहसील, 11 सितंबर को पोला अमावस्या पर केवल खालवा तहसील, 22 सितंबर को डोल ग्यारस पर हरसूद, किल्लौद एवं खालवा तहसील तथा 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर खंडवा, छैगांवमाखन, पुनासा, मूंदी एवं पंधाना तहसील क्षेत्र में स्थानीय अवकाश रहेगा। 19 अक्टूबर को महानवमी के अवसर पर जिले की सभी तहसीलों में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# गुरुपूर्णिमा पर खंडवा-सनावद के बीच आज चलेंगी चार विशेष रेलगाड़ियां

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गुरुपूर्णिमा उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने 29 एवं 30 जुलाई को खंडवा और सनावद के बीच चार विशेष अनारक्षित रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों से श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी क्रमांक 01091 सुबह 9 बजे खंडवा से रवाना होकर 10.30 बजे सनावद पहुंचेगी। गाड़ी क्रमांक 01092 11.10 बजे सनावद से चलकर 12.35 बजे खंडवा पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी क्रमांक 01093 दोपहर 1.35 बजे खंडवा से रवाना होकर 3.00 बजे सनावद पहुंचेगी, जबकि गाड़ी क्रमांक 01094 3.30 बजे सनावद से प्रस्थान कर 4.55 बजे खंडवा पहुंचेगी। सभी विशेष रेलगाड़ियों का ठहराव अजंती, अत्तर, कोटलाखेरी और निमारखेरी स्टेशनों पर रहेगा। प्रत्येक ट्रेन आठ मेमू डिब्बों के साथ संचालित होगी तथा इनमें यात्रा अनारक्षित श्रेणी में होगी।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने निकाली यात्रा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गौ-सम्मान अभियान के अंतर्गत सोमवार को गौ सम्मान अभियान यात्रा निकाली गई एवं कलेक्टर को मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान मिले, गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त हो, गौवंश वध बंद करने के लिए केंद्रीय कानून बनाने सहित अनेक मांगे की गई है।

समाज सेवी सुनील जैन ने बताया कि गौ माता के सम्मान हेतु पूरे देश में यह यात्रा निकालकर ज्ञापन प्रस्तुत किए गए। जिला मुख्यालय खंडवा मे भी यह यात्रा गौरीकुंज सभागृह से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया ।




यात्रा संयोजक सुखदेव महाराज ने बताया कि गो सम्मान अभियान यात्रा में चन्द्रानंदन जी महाराज, राकेश बंसल, रामचंद्र मौर्य, भूपेन्द्र सिंह चौहान, चुन्नीलाल मानकचंदानी, सुनील जैन, आशीष चटकेले, जितेंद्र पटेल, ब्रजेश पटेल, ब्रजेश पंवार, ओमप्रकाश दशोरे, अजय लाड़, पंकज अग्रवाल, श्रीमती बसंती पटेल, रजनी खाटरिया, किरण लेवा, रुक्मणी मोरानिया सहित बड़ी संख्या में संत, गौ सेवक, मातृशक्ति एवं गौशाला संचालकों ने भाग लिया ।

# ओंकारेश्वर में छात्राओं के लिए कौशल प्रशिक्षण शिविर

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर।** परम शक्ति पीठ कोठी, ओंकारेश्वर स्थित संविद गुरुकुलम आवासीय कन्या विद्यालय में चार दिवसीय कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य छात्राओं का सर्वांगीण विकास करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक और आत्मविश्वासी बनाना था। शिविर के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा का महत्व तथा व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। विभिन्न सत्रों में छात्राओं को व्यवहारिक जानकारी और प्रेरक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।



प्रशिक्षण शिविर में भारत स्वाभिमान न्यास, खरगोन के जिला संयोजक जे. टी. बिरला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना अधिकारी (सनावद), शासकीय शिक्षक, लेखक एवं ओजस्वी वक्ता राजेंद्र महावीर, ओंकारेश्वर थाना पुलिस टीम तथा नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, बड़वाह की डायरेक्टर कुमारी दृष्टि जैन ने अपनी सेवाएं देते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

विद्यालय परिवार ने सभी अतिथि प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# 12 मवेशियों के साथ 7 पशु चोर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले की खालवा थाना पुलिस ने मवेशी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 12 मवेशी तथा वारदात में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन जब्त किया है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 7.66 लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 19 जुलाई को फरियादी मंगल पिता देवसु, निवासी ताल्याधड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम ताल्याधड़ के जंगल से उसके मवेशी अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। शिकायत पर खालवा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 12 मवेशी तथा वारदात में इस्तेमाल किया गया पिकअप वाहन (क्रमांक एमपी-41-जीए-4057) बरामद किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिंदिया, उप निरीक्षक भूवान वास्कले, सहायक उप निरीक्षक दिनेश चिंचे, प्रधान आरक्षक सुनील यादव, आरक्षक राजमल चौहान एवं अजय वास्कले की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर

### बंदियों की स्वास्थ्य जांच और उपचार शिविर

**खंडवा ।** जेल अधीक्षक डीकेसारस ने बताया कि जिला जेल खंडवा में मंगलवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में 82 पुरुष एवं 13 महिला बंदी सहित कुल कुल 95 बंदियों की हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला खंडवा कार्यालय के डॉ नितिन कपूर एवं उनकी टीम ने इस शिविर में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान जेल अधीक्षक डी. के. सारस, जेल चिकित्सक डॉ. रुपेश चौधरी एवं सहायक अधीक्षक मनोज चौरसिया, शिक्षक सचिन अहिरवार, प्रमुख मुख्य प्रहरी शोभाराम दिनकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

### दो आरोपियों पर जिलाबदर की कार्रवाई

**खंडवा।** जिले में अपराधों पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने दो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने विभिन्न आपराधिक मामलों में शामिल अभिषेक उर्फ नकुल निवासी रामनगर और शांतिलाल निवासी पिपलोद खुर्द, थाना पंधाना को एक-एक लाख रुपये का बंधपत्र प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं।जारी आदेश के अनुसार दोनों आरोपियों को यह बंधपत्र देना होगा कि वे आगामी एक वर्ष तक किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। इसके साथ ही दोनों को अगले एक वर्ष तक हर माह के पहले और अंतिम सोमवार को संबंधित थाने में उपस्थित होकर अपनी हाजिरी दर्ज करानी होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन होने पर नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 24 घंटों में खंडवा में 5, पंधाना में 6 और खालवा में 2 मिमी बारिश

**खण्डवा ।** पिछले चौबीस घंटों में जिले में 2.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में खण्डवा तहसील में 5 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 0 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 0 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 2 मिली मीटर तथा पंधाना तहसील में 6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। , जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 316 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 325 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 234 मिली मीटर, पंधाना तहसील में 319 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 278 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 424 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

### गुरू पूर्णिमा पर्व पर खंडवा शहर में आज शुष्क दिवस

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से शांति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने 29जुलाई को श्री दादाजी मंदिर परिसर के समीप संचालित कम्पोजिट मदिरा दुकान संजयनगर खंडवा एवं कम्पोजिट मदिरा दुकान रोशनाई रोड खंडवा को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस% घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस आदेश का सख्ती से पालन कराएं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने डेयरियों से लिए सैंपल

**खंडवा।** जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन का विशेष अभियान लगातार जारी है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों से घी के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम गोले ने बताया कि एमजी रोड स्थित पटेल घी भंडार से खुला घी, श्री जी इंटरप्राइजेज एवं काबरा घी भंडार (घंटाघर चौक) से सवाई दानेदार घी तथा दशोरे ट्रेडर्स (घंटाघर) से न्यूट्रिलाइट दूधशक्ति प्रोफेशनल प्योर घी के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों की मानक स्तर पर जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा मौके पर ही घी, पनीर और मावा के कुल सात नमूनों की जांच भी की गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम गोले के साथ मयूरी डोंगरे भी उपस्थित रहीं।

## एक नजर — 10 साल बाद खुली अवैध खनन की फाइल

# कॉलोनाइजर समेत 12 पर 9 करोड़ की वसूली

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के बहुचर्चित 10 साल पुराने अवैध मुरूम खनन मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कॉलोनाइजर अभय जैन सहित 12 आरोपियों को करीब 9 करोड़ की वसूली का नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के संज्ञान में मामला आने के बाद वर्षों से दबी और रिकॉर्ड से गायब बताई जा रही फाइल दोबारा खोली गई, जिसके बाद खनिज विभाग ने कार्रवाई शुरू की। मामला वर्ष 2014 का है, जब नवकार नगर के पीछे अवैध रूप से मुरूम का खनन कर जमीन समतल किए जाने का प्रकरण दर्ज हुआ था। जांच के बाद एसडीएम न्यायालय ने 9 जनवरी 2018 को 12 लोगों को दोषी मानते हुए करीब 9 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके खिलाफ आरोपियों ने पहले कलेक्टर और फिर इंदौर संभागायुक्त के समक्ष अपील की, लेकिन दोनों स्तरों पर एसडीएम का फैसला बरकरार रखा गया।



इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा, जहां भी राहत नहीं मिली। अब खनिज विभाग ने सभी आरोपियों को 30 दिन के भीतर जुर्माने की राशि शासन के खाते में जमा करने का नोटिस जारी किया है। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के तहत वसूली की कार्रवाई की जाएगी।नोटिस पाने वालों में कॉलोनाइजर अभय जैन, भाजपा नेता एवं पार्षद राजेश यादव, अनिल यादव, कमल यादव, रमेश यादव, शेख शहजाद, जयप्रकाश यादव, अनिल टेमारे, शंकर कठौतिया, सेवक भिलाला, पन्नालाल उर्फ गुड्डू और शेरू गवली शामिल हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई को जिले में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।